Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर आर बी - ०२/२०२४ - CEN RRB - 02/2024

| | |
|---|---|
| Test Date | 28/12/2024 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Technicians Grade III |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB Technicians Grade III**

**Q.1** **भारतीय राज्य ओडिशा से ग्रामीण विकास में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए तीसरा रोहिणी नैय्यर पुरस्कार (Rohini Nayyar Prize) किसने जीता?**

**Ans**
✔ 1. अनिल प्रधान
✗ 2. सेथ्रीचेम संगतम
✗ 3. दीनानाथ राजपूत
✗ 4. अज़ीम प्रेमजी

**Q.2** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे समान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:

सभी विद्यालय, महाविद्यालय हैं।

कोई महाविद्यालय, विश्वविद्यालय नहीं है।

निष्कर्ष:

(I) कुछ महाविद्यालय, विद्यालय नहीं हैं।

(II) कुछ विद्यालय, विश्वविद्यालय हो सकते हैं।

**Ans**
✗ 1. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
✗ 2. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
✔ 3. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
✗ 4. निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं

**Q.3** **अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?**
**(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)**

**Ans**
✗ 1. FHK
✗ 2. UWZ
✗ 3. PRU
✔ 4. JLP

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/



RRB TECHNICIAN
PDF NOTES

50% OFF

CLICK HERE

100% SECURE

PDF

CLICK BELOW LINK TO DOWNLOAD PDF NOTES

https://rrbexamportal.com/study-kit/rrb-technician

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

**Q.4** यदि 4-अंकीय संख्या 13z4, 6 से विभाज्य है, तो अंक 'z' का अधिकतम संभव मान क्या है?

**Ans**
✗ 1. 4
✗ 2. 1
✗ 3. 3
✓ 4. 7

**Q.5** यदि शब्द FRIENDLY में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर में बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर में बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कितने अक्षर दो बार आएंगे?

**Ans**
✓ 1. 0
✗ 2. 2
✗ 3. 1
✗ 4. 3

**Q.6** निम्नलिखित संख्याओं और प्रतीकों की श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। संख्याओं और प्रतीकों की गिनती केवल बाएं से दाएं ही की जानी चाहिए।

(बाएं) 2 9 # 1 * £ & % 4 6 @ 8 $ 7 & 3 Ω 5 (दाएं)

उपरोक्त श्रृंखला में ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है ,और ठीक बाद में एक विषम संख्या है?

**Ans**
✓ 1. एक भी नहीं
✗ 2. एक
✗ 3. दो
✗ 4. दो से अधिक

**Q.7** **जुलाई 2024 में जारी की गई पुस्तक 'ओवरथ्रोइंग क्रिकेट्स एम्पायर: हाउ एवरी टीम बीट इंग्लैंड फॉर द फर्स्ट टाइम (Overthrowing Cricket's Empire: How Every Team Beat England for the First Time)' के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?**

**Ans**
✗ 1. अनिकेत मिश्रा
✗ 2. जॉय भट्टाचार्य
✗ 3. आर. अश्विन
✓ 4. अभिषेक मुखर्जी

**Q.8** दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूरा करने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

17, 20, 26, 35, 47, ?

**Ans**
✗ 1. 64
✗ 2. 63
✗ 3. 60
✓ 4. 62

**Q.9** एक निश्चित कूट भाषा में, 'someday in Paradise' को 'yd pl ws' लिखा जाता है और 'in dense forest' को 'fc ws nm' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'in' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans**
✓ 1. ws
✗ 2. nm
✗ 3. yd
✗ 4. fc

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

**Q.10** विद्युत धारा वाहक कुंडली के कारण चुंबकीय क्षेत्र तब बढ़ता है जब______।

**Ans**
- ✗ 1. कुंडली के फेरों की संख्या कम हो जाती है
- ✓ 2. कुंडली में प्रवाहित धारा बढ़ जाती है
- ✗ 3. कुंडली में प्रवाहित धारा कम हो जाती है
- ✗ 4. कोई कुंडली से दूर चला जाता है

**Q.11** पौधे का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग कायिक प्रवर्धन में भाग नहीं लेता है?

**Ans**
- ✗ 1. जड़
- ✓ 2. फूल
- ✗ 3. पत्तियां
- ✗ 4. तना

**Q.12** एक पिंड को ऊपर की ओर फेंका जाता है, वह 5m की ऊंचाई तक पहुंचता है और फिर नीचे गिरता है, पिंड का कुल विस्थापन और पिंड द्वारा तय की गई कुल दूरी क्रमशः कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ 1. 10m, 0m
- ✓ 2. 0m, 10m
- ✗ 3. 0m, 0m
- ✗ 4. 5m, 5m

**Q.13** यदि जॉन 30 km/h की चाल से 90 km की यात्रा करता है और 60 km/h की चाल से वापस लौटता है, तो उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 40 km/h
- ✗ 2. 60 km/h
- ✗ 3. 30 km/h
- ✗ 4. 45 km/h

**Q.14** _____ वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से पौधे जल वाष्प के रूप में पानी खो देते हैं।

**Ans**
- ✗ 1. अनुलेखन (Transcription)
- ✓ 2. वाष्पोत्सर्जन (Transpiration)
- ✗ 3. अंतःशोषण (Imbibition)
- ✗ 4. परिवहन (Transportation)

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

**Q.15** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:

कुछ चट्टानें, सेब हैं।

कुछ सेब, घोड़े हैं।

कुछ घोड़े, नाखून हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ नाखून, सेब हैं।

(II) कुछ घोड़े, चट्टानें हैं।

**Ans**

✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

✓ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Q.16** वस्तुओं की अपनी विराम अवस्था या एकसमान गति में परिवर्तन का विरोध करने की प्राकृतिक प्रवृत्ति क्या कहलाती है?

**Ans**

✗ 1. गति

✗ 2. संवेग

✗ 3. बल

✓ 4. जड़त्व

**Q.17** **फरवरी 2024 में बोइंग डिफेंस इंडिया (Boeing Defence India) के नए प्रबंध निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया?**

**Ans**

✗ 1. विजय मेहता

✗ 2. संजय गुप्ता

✓ 3. निखिल जोशी

✗ 4. अरुण कुमार

**Q.18** खुरदुरी अंतर्द्रव्यी जालिका माइक्रोस्कोप के नीचे खुरदुरी दिखाई देती है क्योंकि इसकी सतह पर _______ नामक कण जुड़े होते हैं।

**Ans**

✗ 1. गुणसूत्र (chromosomes)

✗ 2. लयनकाय (lysosomes)

✓ 3. राइबोसोम (ribosomes)

✗ 4. प्रोटीन कण (protein particles)

**Q.19** "एक धनात्मक संख्या, जब उसके वर्ग में जोड़ी जाती है, तो 56 प्राप्त होता है। वह संख्या क्या है?"

**Ans**

✓ 1. 7

✗ 2. 12

✗ 3. 9

✗ 4. 8

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

**Q.20** प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया में उत्पादित कार्बोहाइड्रेट (ग्लूकोज) का क्या होता है?

**Ans**
- ✗ 1. सभी कार्बोहाइड्रेट तुरंत ऊर्जा के रूप में उपयोग कर लिए जाते हैं।
- ✓ 2. पहले कार्बोहाइड्रेट का उपयोग ऊर्जा उत्पादन के लिए किया जाता है और शेष को स्टार्च के रूप में संग्रहीत कर लिया जाता है।
- ✗ 3. सभी कार्बोहाइड्रेट स्टार्च (मंड) के रूप में संग्रहीत हो जाते हैं।
- ✗ 4. कार्बोहाइड्रेट ग्लाइकोजन के रूप में संग्रहित होते हैं।

**Q.21** दिए गए विकल्पों में से उस त्रय का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है, जिस पैटर्न का अनुसरण नीचे दिए गए दो त्रयों द्वारा किया जाता है। दोनों त्रय समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JAIL - ALIJ - LIAJ

ZEAL - ELAZ - LAEZ

**Ans**
- ✗ 1. MAIN - AMIN - NAIM
- ✓ 2. BORE - OERB - EROB
- ✗ 3. COLD - ODLC - LCOD
- ✗ 4. GILE - GLIE - ELIG

**Q.22** नीचे एक कारण दिया गया है जिसके बाद I, II और III क्रमांकित संभावित प्रभाव दिए गए हैं। कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निश्चय कीजिए कि तीनों में से कौन-सा/कौन-से संभावित प्रभाव हो सकता है/सकते हैं?

कारण:

पिछले 2 महीनों में क्षेत्र X के अपार्टमेंटों में साइकिलों की चोरी की संख्या में वृद्धि हुई है।

प्रभाव:

(I) पुलिस ने क्षेत्र X के सुरक्षा गार्डों को सभी प्रवेशों और निकासों के विवरण रेकॉर्ड करने और सभी माल-आपूर्ति कर्मियों के फोन नंबरों को सत्यापित करने का निर्देश दिया है।

(II) कई अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स ने अपने गेट के अंदर और बाहर अनेक सीसीटीवी (CCTV) कैमरे लगाने का निर्णय लिया है।

(III) क्षेत्र X से सटे पुलिस स्टेशन में अधिक महिला पुलिस कांस्टेबलों की नियुक्ति की गई है।

**Ans**
- ✗ 1. II और III दोनों संभावित प्रभाव हो सकते हैं
- ✗ 2. केवल I संभावित प्रभाव हो सकता है
- ✓ 3. I और II दोनों संभावित प्रभाव हो सकते हैं
- ✗ 4. केवल II संभावित प्रभाव हो सकता है

**Q.23** निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा प्लास्टर ऑफ पेरिस का सबसे आम अनुप्रयोग है?

**Ans**
- ✗ 1. जल की कठोरता को दूर करना
- ✗ 2. अग्निशामक
- ✓ 3. टूटी हुई हड्डियों को सहारा देने के लिए सांचा बनाना
- ✗ 4. सेंकना

**Q.24** 13 प्रोटॉन और 14 न्यूट्रॉन वाले किसी परमाणु की द्रव्यमान संख्या क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 13 u
- ✓ 2. 27 u
- ✗ 3. 14 u
- ✗ 4. 1 u

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Q.25 न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने 11 नवंबर 2024 को भारत के _______ मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार संभाला।

Ans
✔ 1. 51 वें
✗ 2. 52 वें
✗ 3. 50 वें
✗ 4. 53 वें

Q.26 एक निश्चित कूट भाषा में,
'P + Q' का अर्थ 'P, Q की मां है',
'P - Q' का अर्थ 'P, Q का पति है',
'P x Q' का अर्थ 'P, Q की बहन है' और
'P ÷ Q' का अर्थ 'P, Q का भाई है'।
यदि 'A + B - C + D x E' है, तो A का E से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. मां की बहन
✗ 2. मां की मां
✔ 3. पिता की मां
✗ 4. पिता की बहन

Q.27 समुच्चय {61, 62...100} में, दूसरी सबसे बड़ी और दूसरी सबसे छोटी अभाज्य संख्याओं का योग क्या है?

Ans
✗ 1. 150
✗ 2. 164
✗ 3. 158
✔ 4. 156

Q.28 $\frac{0.5 \times 10.6 - 0.2 \times 1.4}{0.4}$ का मान क्या है?

Ans
✗ 1. 1.255
✗ 2. 125.5
✔ 3. 12.55
✗ 4. 12.25

Q.29 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

ZSN, QJE, HAV, YRM,?

Ans
✗ 1. PIC
✔ 2. PID
✗ 3. PJD
✗ 4. PJC

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

**Q.30** A और B अकेले काम करते हुए एक काम को क्रमशः 40 दिन और 30 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ काम शुरू किया, लेकिन कुछ समय बाद B ने काम छोड़ दिया और A ने शेष काम 5 दिनों में पूरा किया। काम शुरू करने के कितने दिन बाद B ने काम छोड़ा?

**Ans**

✗ 1. 16 दिन

✓ 2. 15 दिन

✗ 3. 12 दिन

✗ 4. 14 दिन

**Q.31** निम्नलिखित में से नर जनन तंत्र से संबंधित कौन-सा कथन सही है?

**Ans**

✗ 1. शुक्राणु का निर्माण शुक्राशय में होता है।

✗ 2. वृषण उदर गुहिका में स्थित होते हैं।

✓ 3. वृषण टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन का स्राव करते हैं।

✗ 4. शुक्राणु निर्माण के लिए शरीर के सामान्य तापमान से अधिक तापमान की आवश्यकता होती है।

**Q.32** पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(i) गैर- जैवनिम्नीकरणीय पदार्थ पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न सदस्यों को हानि पहुंचाते हैं।

(ii) गैर- जैवनिम्नीकरणीय पदार्थ जैविक प्रक्रियाओं द्वारा विघटित हो जाते हैं।

(iii) गैर-जैवनिम्नीकरणीय पदार्थ कभी भी पर्यावरण में उपस्थित नहीं रहते हैं।

**Ans**

✓ 1. केवल (i)

✗ 2. (i), (ii) और (iii)

✗ 3. केवल (i) और (iii)

✗ 4. केवल (i) और (ii)

**Q.33** **निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म एल्कीनों (alkenes) की सजातीय श्रेणी से संबंधित है?**

**Ans**

✓ 1. $C_3H_6$ और $C_4H_8$

✗ 2. $CH_4$ और $C_2H_4$

✗ 3. $CH_4$ और $C_4H_8$

✗ 4. $C_2H_6$ और $C_3H_{10}$

**Q.34** एक मानचित्र पर दो बिंदुओं के बीच की दूरी 5 cm है। मानचित्र का पैमाना 1 : 6,00,000 है। दोनों बिंदुओं के बीच वास्तविक दूरी (km में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ 1. 30

✗ 2. 3000

✗ 3. 300

✗ 4. 30,000

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Q.35 निम्नलिखित में से किस जीव का हृदय तीन कक्षों वाला होता है?

Ans
✗ 1. स्तनधारी
✓ 2. उभयचर
✗ 3. पक्षी
✗ 4. मछलियां

Q.36 किए गए कार्य को निम्न में से किस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है?

Ans
✗ 1. बल – विस्थापन
✗ 2. बल / विस्थापन
✓ 3. बल × विस्थापन
✗ 4. बल + विस्थापन

Q.37 त्वरण का SI मात्रक क्या है?

Ans
✗ 1. $m\ s^{-1}$
✗ 2. m s
✓ 3. $m\ s^{-2}$
✗ 4. $m\ s^{2}$

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा एक विलयन का गुणधर्म नहीं है?

Ans
✓ 1. निस्यंदन (छानने की प्रक्रिया) द्वारा विलेय के कणों को विलयन में से पृथक किया जा सकता है।
✗ 2. विलयन एक समांगी मिश्रण है।
✗ 3. विलयन के कण व्यास में 1 nm ($10^{-9}$ मीटर) से भी छोटे होते हैं।
✗ 4. अपने छोटे आकार के कारण विलयन के कण, इससे गुजर रही प्रकाश की किरण को फैलाते नहीं हैं।

Q.39 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TREF' को '3528' लिखा जाता है और 'KERF' को '5438' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'K' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans
✗ 1. 8
✓ 2. 4
✗ 3. 5
✗ 4. 3

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

**Q.40** सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। A के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। B बाएं छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है। F, C और G का निकटतम पड़ोसी है। D, C के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। E और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ 1. तीन
- ✓ 2. एक
- ✗ 3. दो
- ✗ 4. चार

**Q.41** तीन उम्मीदवारों ने एक चुनाव लड़ा और उन्हें क्रमशः 1036, 7044 और 12,120 मत प्राप्त हुए। विजयी उम्मीदवार को कुल मतों का कितना प्रतिशत प्राप्त हुआ?

**Ans**
- ✓ 1. 60%
- ✗ 2. 65%
- ✗ 3. 90%
- ✗ 4. 57%

**Q.42** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 18.8 :: 21 : Y

**Ans**
- ✗ 1. X = 20, Y = 26.8
- ✗ 2. X = 11, Y = 29.4
- ✓ 3. X = 15, Y = 24.8
- ✗ 4. X = 17, Y = 22.6

**Q.43** निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ के कणों का अभिलाक्षणिक गुण नहीं है?

**Ans**
- ✗ 1. इनके बीच रिक्त स्थान होता है।
- ✓ 2. ये आकार में बहुत बड़े होते हैं।
- ✗ 3. ये एक-दूसरे को आकर्षित करते हैं।
- ✗ 4. ये निरंतर गतिशील होते हैं।

**Q.44** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

YES, ZGV, AIY, BKB,?

**Ans**
- ✓ 1. CME
- ✗ 2. CMD
- ✗ 3. CNE
- ✗ 4. CMF

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

**Q.45** A की आयु, B की आयु की दोगुनी है। B की आयु, C की आयु की $\frac{1}{3}$ है। A, B और C की आयु का योग 42 वर्ष है, A और B की आयु का योग ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 15 वर्ष

✗ 2. 12 वर्ष

✓ 3. 21 वर्ष

✗ 4. 23 वर्ष

**Q.46** सात व्यक्ति A, B, E, F, P, Q और R, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। Q के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, Q के ठीक बाईं ओर बैठा है। E, R के ठीक दाईं ओर बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**

✗ 1. R

✗ 2. P

✓ 3. A

✗ 4. B

**Q.47** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की ओर फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 96 :: 53 : Y

**Ans**

✗ 1. X = 52, Y = 104

✗ 2. X = 58, Y = 112

✓ 3. X = 47, Y = 108

✗ 4. X = 49, Y = 118

**Q.48** सात बक्से A, B, E, F, L, M और P, एक-दूसरे के ऊपर रखे हुए है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे हों। M को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। M और B के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। P को M के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। B और F के बीच केवल E को रखा गया है। A को B के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। L और P के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

**Ans**

✗ 1. चार

✗ 2. दो

✓ 3. एक

✗ 4. तीन

**Q.49** खरीदे गए खिलौनों की किसी भी संख्या पर 12% और 15% की दो क्रमिक छूट,_____की एक एकल छूट के बराबर हैं।

**Ans**

✓ 1. 25.2%

✗ 2. 26.2%

✗ 3. 26%

✗ 4. 27%

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

**Q.50** निम्नलिखित में से किस यौगिक के तापीय अपघटन के परिणामस्वरूप कैल्शियम ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड का निर्माण होता है?

**Ans**
- ✗ 1. कैल्शियम क्लोराइड
- ✗ 2. कैल्शियम नाइट्रेट
- ✗ 3. कैल्शियम सल्फेट
- ✓ 4. कैल्शियम कार्बोनेट

**Q.51** उदासीन विलयन का pH मान ______ होता है।

**Ans**
- ✗ 1. 0
- ✗ 2. 14
- ✗ 3. 5
- ✓ 4. 7

**Q.52** नवंबर 2024 में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरग्रहीय आवास में जीवन का अनुकरण करने के लिए, निम्नलिखित में से किस स्थान पर देश का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन (first analogue space mission) शुरू किया?

**Ans**
- ✗ 1. माउंट आबू
- ✗ 2. ईटानगर
- ✗ 3. रामेश्वरम
- ✓ 4. लेह

**Q.53** यदि $x + y = 16$ और $xy = 48$ है, तो $x^2 + y^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 164
- ✗ 2. 150
- ✓ 3. 160
- ✗ 4. 144

**Q.54** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**
- ✗ 1. अमीबा में, विभाजन के दौरान दो कोशिकाओं का विभाजन किसी भी तल में हो सकता है।
- ✓ 2. प्लाज्मोडियम द्विखंडन द्वारा एक साथ कई संतति कोशिकाओं में विभाजित हो जाता है।
- ✗ 3. लेस्मानिया में द्विखंडन एक निर्धारित तल में होता है।
- ✗ 4. यीस्ट कोशिका से छोटे मुकुल उभर कर कोशिका से अलग हो जाते है तथा स्वतंत्र रूप से वृद्धि करते हैं।

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

**Q.55** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन विद्युत धारावाही परिनालिका के चारों ओर के चुंबकीय क्षेत्र के बारे में सत्य है/हैं:
(i) परिनालिका के भीतर चुंबकीय क्षेत्र एक समान होता है।
(ii) परिनालिका के बाहर का चुंबकीय क्षेत्र परिनालिका के भीतर के चुंबकीय क्षेत्र के परिमाण के समान होता है।
(iii) परिनालिका के चारों ओर का चुंबकीय क्षेत्र एक दंड चुंबक के चारों ओर के चुंबकीय क्षेत्र के समान होता है।

**Ans**
✗ 1. केवल (iii)
✗ 2. (ii) और (iii) दोनों
✗ 3. केवल (i)
✓ 4. (i) और (iii) दोनों

**Q.56** जब कोई पिंड गुरुत्वाकर्षण के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से गिरता है, तो निम्नलिखित राशियों में से कौन-सी राशि स्थिर नहीं रहती है?

**Ans**
✗ 1. द्रव्यमान
✓ 2. दूरी
✗ 3. त्वरण
✗ 4. सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण नियतांक

**Q.57** निम्नलिखित में से कौन-सी ऊर्जा यांत्रिक ऊर्जा का ही एक भाग है?

**Ans**
✗ 1. प्रकाश ऊर्जा
✗ 2. ऊष्मीय ऊर्जा
✓ 3. स्थितिज ऊर्जा
✗ 4. रासायनिक ऊर्जा

**Q.58** अरविन्द अपनी आय का 75% खर्च करता है। उसकी आय में 20% की वृद्धि हो जाती है और वह अपने व्यय में 10% की वृद्धि कर लेता है। उसकी बचत में हुई वृद्धि कितनी है?

**Ans**
✗ 1. 37.5%
✗ 2. 10%
✓ 3. 50%
✗ 4. 25%

**Q.59** निम्नलिखित में से कौन-सा रोग लेस्मानिया के कारण होता है?

**Ans**
✓ 1. काला-अजार
✗ 2. मलेरिया
✗ 3. डेंगू
✗ 4. रक्ताल्पता

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

Q.60 कार्बन में कार्बन के ही अन्य परमाणुओं के साथ आबंध बनाने की अद्वितीय क्षमता होती है। इस गुणधर्म को _____ के नाम से जाना जाता है।

Ans
- ✗ 1. चक्रीकरण (cyclisation)
- ✓ 2. श्रृंखलन (catenation)
- ✗ 3. क्रिस्टलीकरण (Crystallisation)
- ✗ 4. समावयवीकरण (Isomerisation)

Q.61 एक गोले के आयतन और एक परिगत लंब वृत्तीय बेलन के आयतन के बीच का अनुपात क्या है?

Ans
- ✓ 1. 2 : 3
- ✗ 2. 1 : 1
- ✗ 3. 1 : 2
- ✗ 4. 2 : 1

Q.62 थायरॉक्सिन हार्मोन बनाने के लिए किस ग्रंथि के लिए आयोडीन आवश्यक है?

Ans
- ✗ 1. थाइमस
- ✗ 2. अग्नाशय
- ✗ 3. पिनियल ग्रंथि
- ✓ 4. थाइरॉयड ग्रंथि

Q.63 अक्टूबर 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय संस्कृति और कला को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार प्रदान किया ?

Ans
- ✗ 1. 67वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
- ✗ 2. 68वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
- ✗ 3. 69वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
- ✓ 4. 70वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

Q.64 नवंबर 2023 में आईएस बिंद्रा पीसीए स्टेडियम (IS Bindra PCA Stadium) में पंजाब ने किस राज्य की टीम को हराकर सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी जीती थी?

Ans
- ✗ 1. मध्य प्रदेश
- ✗ 2. महाराष्ट्र
- ✗ 3. कर्नाटक
- ✓ 4. गुजरात

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर VSUR, KHJG से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, YVXU, NKMJ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SPRO निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. GEHD
- ✗ 2. HEDG
- ✗ 3. GEDH
- ✓ 4. HEGD

Q.66 नवंबर 2024 में निम्नलिखित में से किस एशियाई देश ने '8वें अंतर्राष्ट्रीय प्राचीन कला महोत्सव और संगोष्ठी' का आयोजन किया?

Ans
- ✗ 1. नेपाल
- ✓ 2. भारत
- ✗ 3. बांग्लादेश
- ✗ 4. भूटान

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

**Q.67** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व वैद्युतअपघटनीय अपचयन (electrolysis reduction) द्वारा निष्कर्षित किया जाता है?

**Ans**

✔ 1. Na

✗ 2. Pb

✗ 3. Zn

✗ 4. Ag

**Q.68** जब किसी वस्तु को ऊपर की ओर फेंका जाता है, तो गुरुत्वाकर्षण बल _______ होता है।

**Ans**

✔ 1. गति की दिशा के विपरीत

✗ 2. गति की दिशा के समान

✗ 3. शून्य

✗ 4. गति की दिशा से स्वतंत्र

**Q.69** $0.\overline{52}$ को $\frac{p}{q}$ के रूप में व्यक्त कीजिए, जहां p और q पूर्णांक हैं तथा q ≠ 0 है।

**Ans**

✗ 1. $\frac{50}{99}$

✗ 2. $\frac{52}{90}$

✔ 3. $\frac{52}{99}$

✗ 4. $\frac{53}{99}$

**Q.70** निम्नलिखित में से कौन-सा, अम्लों का एक विशिष्ट गुण है?

**Ans**

✔ 1. वे नीले लिटमस पेपर को लाल कर देते हैं।

✗ 2. उनका pH 7 से अधिक होता है।

✗ 3. वे फिसलन भरी अनुभूति देते हैं।

✗ 4. वे लाल लिटमस पेपर को नीला कर देते हैं।

**Q.71** खंडन द्वारा अलैंगिक प्रजनन किसमें होता है?

**Ans**

✔ 1. केवल सरल काय में संगठित बहुकोशिकीय जीवों में

✗ 2. केवल जटिल काय में संगठित बहुकोशिकीय जीवों में

✗ 3. सभी बहुकोशिकीय जीवों में

✗ 4. केवल एककोशिकीय जीवों में

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

Q.72 कॉपर ऑक्साइड युक्त बीकर में थोड़ी मात्रा में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिलाने पर कौन-से यौगिक का निर्माण होता है?

Ans
✗ 1. कॉपर (III) क्लोराइड
✓ 2. कॉपर (II) क्लोराइड
✗ 3. कॉपर (IV) क्लोराइड
✗ 4. कॉपर (I) क्लोराइड

Q.73 निम्नलिखित में से आहार नाल का सबसे लंबा भाग कौन-सा है?

Ans
✗ 1. बड़ी आंत
✓ 2. छोटी आंत
✗ 3. अमाशय
✗ 4. ग्रसिका

Q.74 किसी दिए गए आकड़ों के लिए, यदि माध्य और बहुलक क्रमशः 42 और 60 हैं, तो आनुभविक संबंध का प्रयोग करते हुए, आकड़ों का माध्यक ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 50
✗ 2. 44
✓ 3. 48
✗ 4. 46

Q.75 **जून 2024 में सीमावर्ती गांवों में ड्रग्स की मांग और आपूर्ति के बारे में खुफिया जानकारी जुटाने के लिए, पंजाब पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (BSF) और ग्राम रक्षा समितियों (VDCs) के सहयोग से कौन-सा मिशन प्रारंभ किया?**

Ans
✗ 1. मिशन मुक्ति
✗ 2. मिशन साथी
✓ 3. मिशन निश्चय
✗ 4. मिशन मदद

Q.76 2 मेज और 3 कुर्सियों का मूल्य ₹540 है, जबकि 2 मेज और 1 कुर्सी का मूल्य ₹470 है। 2 मेज और 2 कुर्सियों का संयुक्त मूल्य कितना है?

Ans
✗ 1. ₹525
✓ 2. ₹505
✗ 3. ₹545
✗ 4. ₹485

Q.77 दिए गए विकल्पों में से द्विलिंगी फूल का चयन कीजिए।

Ans
✓ 1. सरसों
✗ 2. कद्दू
✗ 3. पपीता
✗ 4. तरबूज

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

Q.78 एक अवतल दर्पण में, वस्तु दर्पण के ध्रुव और फोकस बिंदु के बीच स्थित है। छवि की प्रकृति क्या होगी?

Ans
✗ 1. आभासी और उलटी
✗ 2. वास्तविक और उलटी
✗ 3. वास्तविक और सीधी
✓ 4. आभासी और सीधी

Q.79 केविन बिंदु A से चलना आरंभ करता है और उत्तर की ओर 7 km चलता है। फिर वह एक साथ दो बार दाईं ओर मुड़ता है और क्रमशः 2 km और 1 km चलता है। फिर वह बाईं ओर मुड़ता है और 3 km चलता है। फिर वह एक साथ दो बार दाईं ओर मुड़ता है और प्रत्येक बार 3 km चलता है। वह अंतिम बार बाईं ओर मुड़ता है और बिंदु B तक पहुंचने के लिए 3 km चलता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी तक (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किए जाएं, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

Ans
✓ 1. 2 km पश्चिम
✗ 2. 2 km उत्तर
✗ 3. 1 km पश्चिम
✗ 4. 2 km दक्षिण

Q.80 नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे समान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:

सभी कमीजें, पतलूनें हैं।

कुछ पतलूनें, टाई हैं।

निष्कर्ष:

(I) कम से कम कुछ पतलूनें, कमीजें हैं।

(II) कुछ कमीजें, टाई हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 2. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
✓ 3. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
✗ 4. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

Q.81 यदि 12, 24, 45 और y समानुपात में हैं, तो y का मान क्या है?

Ans
✗ 1. 25
✗ 2. 60
✗ 3. 30
✓ 4. 90

Q.82 शीर्षस्थ विभज्योतक (Apical meristem) तने और जड़ की/के _______ में वृद्धि करता है।

Ans
✗ 1. शाखाओं
✗ 2. परिधि
✗ 3. पुष्प
✓ 4. लंबाई

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Q.83 यदि कोण (5x − 2)° और 82° संपूरक कोणों का एक युग्म बनाते हैं, तो x का मान क्या है?

Ans
- ✗ 1. 30
- ✗ 2. 90
- ✗ 3. 45
- ✓ 4. 20

Q.84 पृथ्वी की भूपर्पटी में धातु के अयस्क _______ के रूप में मौजूद होते हैं।

Ans
- ✗ 1. केवल कार्बोनेट
- ✗ 2. केवल सल्फाइड
- ✓ 3. ऑक्साइड, सल्फाइड और कार्बोनेट
- ✗ 4. केवल ऑक्साइड

Q.85 प्रथम 50 प्राकृत संख्याओं का औसत कितना है?

Ans
- ✗ 1. 12.25
- ✗ 2. 25
- ✓ 3. 25.5
- ✗ 4. 21.25

Q.86 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. JQL
- ✓ 2. MTP
- ✗ 3. FMH
- ✗ 4. RYT

Q.87 **किसी अवतल दर्पण के मुख्य फोकस से गुजरने वाली एक किरण तथा परावर्तन के बाद, मुख्य अक्ष के समांतर न होनी वाली किरण पर विचार करे, तो यह होगी : _______।**

Ans
- ✗ 1. वक्रता केंद्र से गुजरेगी
- ✗ 2. मुख्य अक्ष पर तिरछी निकलेगी
- ✗ 3. मुख्य फोकस से गुजरेगी
- ✓ 4. मुख्य अक्ष के समांतर निकलेगी

Q.88 रमेश ने एक बैंक में 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ₹1,232 का निवेश किया। 3 वर्ष बाद उसे कितनी धनराशि प्राप्त होगी?

Ans
- ✗ 1. ₹2,145.80
- ✗ 2. ₹1,848.80
- ✓ 3. ₹1,416.80
- ✗ 4. ₹1,285.80

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

**Q.89** यदि शब्द ARTICLE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा ?

**Ans**
- ✔ 1. 2
- ✘ 2. 1
- ✘ 3. 3
- ✘ 4. 0

**Q.90** यदि किसी धनराशि पर 8% वार्षिक ब्याज की दर पर 2 वर्ष में साधारण ब्याज ₹2,000 है, तो वार्षिक चक्रवृद्धि की स्थिति में समान अवधि के लिए, समान दर पर, समान धनराशि पर चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. ₹2,040
- ✘ 2. ₹1,660
- ✔ 3. ₹2,080
- ✘ 4. ₹1,960

**Q.91** **आठवां भारत जल सप्ताह 2024, कहाँ आयोजित किया गया?**

**Ans**
- ✔ 1. नई दिल्ली
- ✘ 2. बैंगलोर
- ✘ 3. मुंबई
- ✘ 4. इंदौर

**Q.92** $\sec^2 A + (\mathrm{cosec}^2 A - 1) - (1 + \tan^2 A) - \cot^2 A$, निम्नलिखित विकल्पों में से किसके बराबर है?

**Ans**
- ✔ 1. 0
- ✘ 2. $\sec^2 A$
- ✘ 3. 1
- ✘ 4. $\cot^2 A$

**Q.93** दो पिंडों के बीच गुरुत्वाकर्षण बल F है; यदि उनमें से किसी एक पिंड का द्रव्यमान उसके प्रारंभिक मान से चार गुना तक बढ़ा दिया जाए, तो अब पिंडों के बीच का गुरुत्वाकर्षण बल क्या होगा?

**Ans**
- ✘ 1. F/4
- ✘ 2. F
- ✔ 3. 4F
- ✘ 4. 2F

**Q.94** एक बेलन के आधार की त्रिज्या और ऊंचाई का अनुपात 3 : 1 है। यदि इसका आयतन 9702 $cm^3$ है, तो बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें)

**Ans**
- ✘ 1. 668 $cm^2$
- ✘ 2. 616 $cm^2$
- ✘ 3. 946 $cm^2$
- ✔ 4. 924 $cm^2$

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE

Download RRB Exam Study Notes : https://rrbexamportal.com/

**Q.95** यदि + का अर्थ −, − का अर्थ ×, × का अर्थ ÷, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

16 ÷ 96 × 6 − 4 + 20 =?

**Ans**
- ✗ 1. 54
- ✗ 2. 50
- ✗ 3. 56
- ✓ 4. 60

**Q.96** अपवर्तन के नियमों में से एक के अनुसार,______ किरण, अपवर्तित किरण तथा दोनों माध्यमों को पृथक् करने वाले पृष्ठ के आपतन बिंदु पर अभिलंब सभी एक ही तल में होते हैं।

**Ans**
- ✗ 1. समानांतर
- ✓ 2. आपतित
- ✗ 3. निर्गत
- ✗ 4. परावर्तित

**Q.97** निम्नलिखित में से धातुओं का कौन-सा युग्म मुक्त अवस्था में पाया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. सोडियम और पोटैशियम
- ✗ 2. सोना और सोडियम
- ✗ 3. चांदी और पोटैशियम
- ✓ 4. सोना और चांदी

**Q.98** एक बेईमान दुकानदार अपना माल क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है। हालांकि, वह गलत भार का उपयोग करता है और इस प्रकार 25% का लाभ अर्जित करता है। वह एक kg भार के लिए, निम्नलिखित में से किस भार का उपयोग करता है?

**Ans**
- ✗ 1. 900 gm
- ✓ 2. 800 gm
- ✗ 3. 700 gm
- ✗ 4. 850 gm

**Q.99** **एक पाइप एक टंकी को 12 घंटे में भर सकता है। दूसरा पाइप भरी हुई टंकी को 18 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी का एक-तिहाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?**

**Ans**
- ✗ 1. 48
- ✓ 2. 12
- ✗ 3. 24
- ✗ 4. 36

**Q.100** यदि 'A' का अर्थ '÷', 'B' का अर्थ '×', 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित विकल्पों में से किस का परिणाम 113 होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 96 C 12 A 2 D (42 A 6) A 3 D 20
- ✗ 2. 96 C 12 B 2 D (42 A 6) D 3 C 20
- ✗ 3. 96 D 12 A 2 C (42 B 6) A 3 C 20
- ✓ 4. 96 D 12 B 2 C (42 A 6) B 3 C 20

2024/12/29-16:32:13

FREE! Download RRB Exams PDF E-BOOKS CLICK HERE